## खबर संक्षेप

### समेरिटन्स स्कूल में हैंडबाल समर कैंप आरम्भ



**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल और युवा कल्याण विभाग और जिला हैंडबॉल संघ नर्मदापुरम द्वारा हैंडबॉल समर कैंप का आयोजन 1 मई से 31 मई तक समेरिटंस स्कूल खेल प्रांगण पर किया जा रहा है। इसमें लगभग 70 खिलाड़ी सुबह 6:00 से 8:00 तक एवं शाम को 5:30 से 7:00 तक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर कोच आस्कर एरिन मोजिस, डॉ. सचिन खम्परिया, विनोद साहू के सहयोग से संचालित हो रहा है। कैंप में खेल के अलावा विभिन्न गतिविधियां जैसे महिलाओं के लिए आत्मारक्षा, गुड टच बेड टच, सामाजिक गतिविधि, फिट इंडिया मूवमेंट प्रतियोगिताओं आदि का समावेश किया गया है। जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, शाला प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत द्वारा कैंप का निरीक्षण किया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया ग्रीष्मकालीन समर कैंप का उद्घाटन, दी ड्रॉइंग किट



**नर्मदापुरम।** शहर में मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित वेलफेयर हाल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का उद्घाटन हुआ । इस दौरान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, एसडीओपी जितेंद्र पाठक , रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल एवं पुलिस लाइन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान 110 छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं में इनडोर एवं आउटडोर गतिविधियां जैसे डांस, मेहंदी, ड्राइंग, पेंटिंग ,कराटे एवं बैडमिंटन में रजिस्ट्रेशन किया गया। इन विभिन्न गतिविधियों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षकों के द्वारा इनका प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों को पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्रॉइंग किट प्रदाय की गई एवं स्वल्पाहार बांटे गए।

### सीपीआर प्रक्रिया आपात स्थिति सिद्ध होती है जीवन रक्षक प्रक्रिया : कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, मृत्युदर में कमी लाने एवं घायलों को समय पर राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनसुनवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दुर्घटना के बाद सहायता पहुंचने में लगने वाले समय के दौरान आमजन एवं अधिकारियों को प्राथमिक उपचार देने में सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा सीपीआर प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनसुनवाई में आए आवेदकों को सीपीआर देने की विधि विस्तारपूर्वक समझाई गई। साथ ही प्रतिभागियों को डमी के माध्यम से स्वयं अभ्यास कराकर प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप से भी सुदृढ़ किया गया।

### टैंक गिरा, दो जिंदगियां बुझीं: इथेनॉल प्लांट में दर्दनाक हादसा

# तकनीकी खामी के बीच चल रहा था काम, ढहा डीडीएस टैंक; दो मजदूरों की मौके पर मौत

**पीपुल्स प्रवक्ता नरसिंहपुर।**

महाकौशल सुगर मिल बचई परिसर में स्थित इथेनॉल प्लांट में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात करीब 1.30 बजे की बताई जा रही है, जब प्लांट में अचानक हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, प्लांट में लगा विशालकाय डीडीएस टैंक अचानक नीचे आ गिरा, जिसकी चपेट में नीचे काम कर रहे दो मजदूर आ गए।

हादसे में खापा शेढ़ निवासी जगदीश पिता लेखराम यादव (32) और सिलवानी निवासी पवन पिता पुरुषोत्तम ठाकुर (30) गंभीर रूप से दब गए। टैंक के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि पवन





का शव दो हिस्सों में बंट गया। घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल दोनों के शवों को फैक्ट्री की एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शी एवं मृतक जगदीश के चचेरे भाई कमलेश ने बताया कि इथेनॉल प्लांट में विगत एक सप्ताह से मशीन में तकनीकी समस्या बनी हुई थी, जिसके चलते बार-बार सुधार कार्य किया जा रहा था। घटना के समय भी मशीन पर काम चल रहा था, इसी दौरान अचानक डीडीएस टैंक ढह गया और यह हादसा हो गया। कमलेश के अनुसार, जगदीश ने महज तीन माह पूर्व ही प्लांट में काम शुरू किया था और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

मंगलवार सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। घटना के कारणों को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर इसे तकनीकी खामी या लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तकनीकी समस्या के बावजूद मशीन पर कार्य जारी रखना और सुरक्षा उपायों का पालन कितना हुआ, यह जांच का प्रमुख विषय

## जनसुनवाई में पहुंचे 8 साल के कृष्णा धुर्वे की शिक्षा के लिए कलेक्टर की संवेदनशील कार्यवाही

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**




जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब जनसुनवाई के दौरान एक वृद्ध महिला जियावंती अपने 8 वर्षीय पोते कृष्णा धुर्वे के भविष्य को लेकर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के समक्ष पहुंचीं। पढ़ने-लिखने में असमर्थ वृद्ध महिला ने बिना लिखित आवेदन के ही अपने पोते की पढ़ाई और आवास की व्यवस्था हेतु मौखिक आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बच्चे के पिता की भी मृत्यु हो चुकी है और वो ही उसकी देखभाल करती हैं। मामले की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने तत्काल सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री विवेक नागवंशी को निर्देशित किया कि बच्चे की शिक्षा एवं आवास की समुचित व्यवस्था उसी दिन सुनिश्चित की जाए, ताकि उसे बेहतर शिक्षा और अनुकूल वातावरण मिल सके। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में सहायक आयुक्त श्री विवेक नागवंशी द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित कृष्णा धुर्वे को तत्काल आश्रम शाला, नर्मदापुरम में प्रवेश दिलाया गया। यहां बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा बच्चे को स्कूल ड्रेस एवं स्कूल बैग भी प्रदान किया गया, जिससे उसकी पढ़ाई की सुगम शुरुआत हो सके। इस अवसर पर क्षेत्र संयोजक श्री हर्षित कौरव एवं आश्रम की अधीक्षिका भी उपस्थित रहीं।

## नंदरवाड़ा रोड स्थित बराखड़ वेयरहाउस में किसानों को किया जागरूक



**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

नंदरवाड़ा रोड पर स्थित बराखड़ के वेयरहाउस परिसर में किसानों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान हेल्मेट लगाने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेडियम पट्टी भी लगाई गई, ताकि रात के समय होने वाले हादसों से बचाव किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने उपस्थित किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हेल्मेट पहनने से दुर्घटना के समय जान का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेडियम लगाने से रात में वाहन दूर से ही दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना घटती है।

इस अवसर पर मौजूद लोगों ने जागरूकता अभियान की सराहना की और सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। पुलिस द्वारा समय-समय पर इस तरह के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## बरगी डैम क्रूज हादसे के विरोध में सिवनी मालवा में युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री का पुतला दहन

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में 13 लोगों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में आक्रोश का माहौल है। इसी के विरोध में मंगलवार को सिवनी मालवा में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




शहर के प्रमुख स्थल गांधी चौक पर एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का पुतला दहन किया। इस दौरान 'जिम्मेदारों को बर्खास्त करो' और 'पर्यटन मंत्री इस्तीफा दो' जैसे नारों के साथ प्रदर्शनकारियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस नेताओं ने इस हादसे को प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया। उनका कहना था कि बरगी डैम जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। यात्रियों की सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जरूरी संसाधनों का अभाव साफ नजर आया।

युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हैरिसन स्वामी ने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो इतनी बड़ी जनहानि टाली जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के कारण निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

प्रदर्शनकारियों ने मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा देने तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। युवक कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह हादसा प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस विकास राजपूत ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन में स्वदेश शर्मा, हैरिसन स्वामी, विकास राजपूत, गोपालकृष्ण शर्मा, पृथ्वीराज रघुवंशी, पार्षद दीपक दीक्षित, देवेंद्र रघुवंशी, देवेंद्र यादव, विकास पाठक, कृष्णकांत मानिक, पंकज चौरे, अजय भाटी, राजा पटेल, शैलेंद्र राजपूत, देवेंद्र भाटी, साजिद कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीलट बाबा स्थल पर गंदगी को लेकर सौंपा ज्ञापन, नंदरबाड़ा रोड पर गिरे पेड़ से आवागमन प्रभावित

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र श्री भीलट बाबा स्थल पर व्याप्त गंदगी को लेकर कांग्रेस नेता दीपक दीक्षित ने जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मेले के समापन के करीब एक माह बाद भी साफ-सफाई नहीं होने की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया।




दीपक दीक्षित ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा मेले के दौरान दुकानदारों से किराया वसूला जाता है, लेकिन आयोजन समाप्त होने के बाद भी परिसर में फैली गंदगी को अब तक नहीं हटाया गया है। मंदिर परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे बदबू फैल रही है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस स्थिति के चलते संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम विजय राय को एक अन्य समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि नंदरबाड़ा रोड पर एक विशाल आम का पेड़ गिर गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और राहगीरों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित विभाग द्वारा तत्काल साफ-सफाई कराई जाए और सड़क पर गिरे पेड़ को हटाकर यातायात सुचारू किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

दोनों समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम विजय राय ने मौके पर ही जनपद पंचायत सीईओ श्रुति चौधरी से चर्चा की। इसके बाद सीईओ ने भीलट बाबा परिसर में तुरंत साफ-सफाई कराने के निर्देश जारी किए।

अंत में दीपक दीक्षित ने त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीएम विजय राय एवं सीईओ श्रुति चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुदेश शर्मा, हैरिसन स्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन, आमजन कि सुनी शिकायतों का किया गया निराकरण



**नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की ट्रिक शिकायतें सुनी गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, मारपीट एवं महिला संबंधी प्रकरण शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना, पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाना, नागरिकों को न्याय दिलाना तथा पुलिस प्रशासन में विश्वास बनाए रखना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय नर्मदापुरम में नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें जिले भर से आए नागरिक अपनी समस्याओं का प्रत्यक्ष निराकरण पा सकते हैं।

## अघोषित बिजली कटौती से वार्ड वासी परेशान, सुधार कंप्लेंट्स के नाम पर घंटों काटी जा रही, बिजली

**यशवंत मेवाडे**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**

एक तरफ भीषण गर्मी ऊपर से अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान सुधार के नाम पर घंटों काटी जा रही है बिजली । भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। बार-बार बिजली जाने से कूलर-एसी बंद ही रहे हैं और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। ओवरलोडिंग और तकनीकी खराबी के नाम पर भी कटोती जब शहरी क्षेत्र में यह हाल है तो ग्रामीण क्षेत्र का क्या होगा इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। हां खिलचीपुर नगर में मंगलवार शाम को लगभग 4:30 बजे से बिजली कटौती रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त , जिससे बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी देखने को मिली। यह एक दो दिन नहीं बल्कि हर दिन किसी न किसी वार्ड और मोहल्ले के नगर में सुनने को मिलती रहती है। अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान है जिसकी और विद्युत विभाग सुपरवाइजर डीजीएम ध्यान नहीं दे रहे हैं। आम जनों ने उच्च अधिकारियों से मीडिया से मध्य से ध्यान देने की अपील की है। अघोषित विद्युत कटौती से आम जनजीवन, कृषि और लघु उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से जनता में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। मंगलवार देर शाम के बाद 7: 45 बजे तक खबर लिखे जाने तक बिजली गुल थी।



#### इनका कहना है

आपके द्वारा शिकायत मिली है तो मैं दिखवा लेता हूं

हो सकता है कहीं से कंप्लेंट आई हो वहां पर सूधार का काम चल रहा हो।

आलोक सिंह बघेल
जेई विद्युत विभाग खिलचीपुर।

# दुकानों की नीलामी में गड़बड़ी का आरोप, जनसुनवाई में सौंपा आवेदन

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**

नंदरवाड़ा रोड स्थित नए बस स्टैंड के सामने रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित दुकानों की नीलामी प्रक्रिया में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नगर कांग्रेस के स्वदेश शर्मा ने जनसुनवाई में आवेदन सौंपा है। मामले को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।




आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नीलामी प्रक्रिया को सार्वजनिक नहीं किया गया और पारदर्शिता का अभाव रहा। इसमें केवल ट्रस्ट से जुड़े लोगों एवं उनके परिजनों को शामिल कर अन्य इच्छुक नागरिकों को वंचित रखा गया। साथ ही बंद कमरे में फर्जी बोली और हस्ताक्षर के माध्यम से दुकानों का आवंटन किए जाने की बात भी कही गई है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि नीलामी में जमा कराई गई धरोहर राशि की कोई विधिवत रसीद जारी नहीं की गई तथा प्राप्त राशि ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा न कर नगद लेन-देन किया गया, जिससे हिसाब-किताब में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। वर्तमान में दुकानों का संचालन भी ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों द्वारा किए जाने का आरोप लगाया गया है, जबकि कागजों में अन्य लोगों के नाम दर्ज हैं।

आवेदन में मुख्य मार्ग पर बने दुकानों को नाले की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित बताया गया है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही पूर्व कलेक्टर द्वारा लगाए गए निर्माण प्रतिबंध के बावजूद कार्य दोबारा शुरू होने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

मामले में मांग की गई है कि नीलामी प्रक्रिया की संपूर्ण फाइल की जांच कराई जाए, संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ हो, ट्रस्ट के बैंक खातों एवं वित्तीय लेन-देन की जांच की जाए और यदि अनियमितता प्रमाणित हो तो दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही दुकानों का पुनः पारदर्शी तरीके से आवंटन सुनिश्चित करने की भी मांग रखी गई है। नगर कांग्रेस ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम नागरिकों का विश्वास बना रहे।

## आंचलखेड़ा हादसे में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से हादसे में मृतकों व घायलों को आर्थिक सहायता स्वीकृत



**नर्मदापुरम।** माखन नगर ब्लॉक के आंचलखेड़ा क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं कार के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना के बाद मृतकों एवं घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ठाकुर के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री सहायता कोष से अब तक 160000 लाख की राहत राशि स्वीकृत की गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत मिली है। घटना के तुरंत बाद विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने पीड़ित परिवारों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर लगातार समन्वय बनाए रखा। उनके हस्तक्षेप के चलते स्वेच्छानुदान एवं मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि मंजूर की गई। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को प्रति हितग्राही ?2 लाख, गंभीर घायलों को ?1 लाख तथा अन्य घायलों को ?50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस हादसे में 5 मृतकों एवं 7 घायलों को सहायता के दायरे में शामिल किया गया है।

हितग्राहियों को मिली सहायताः- मृतकों में साहिल यादव, हरि सिंह यादव, विनीत यादव, शुभम मोरपा एवं संतोष प्रजापति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता दी गई। वहीं घायलों में अमन यादव, विनोद उइके, देवांशु इवने, सुमित एवं राजेश धुर्वे को एक-एक लाख रुपये तथा भरत यादव एवं आकाश इवने को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

## थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ एवं सतरस्ता पर आमजन को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**

सीपीआर एक आपातकालीन जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। यह हृदय गति रुकने के बाद पीड़ित के बचने की संभावना को दोगुना या तिगुना कर सकता है।सीपीआर कैसे करें - चरण-दर-चरणः सुरक्षा और प्रतिक्रिया जांचेंः सुनिश्चित करें कि क्षेत्र सुरक्षित है। व्यक्ति के कंधों को थपथपाएं और जोर से पूछें, 'क्या आप ठीक हैं? '। मदद के लिए बुलाएंः यदि व्यक्ति प्रतिक्रिया नहीं देता है, तो तुरंत एम्बुलेंस (102/108) को कॉल करें या किसी को बुलाएं। चेस्ट कंप्रेशन (ष्टद्धद्गह्यह ष्टश्वद्बश्चह्द्गह्यह्यद्बश्ठ्ठह्य) शुरू करें:पीड़ित को पीठ के बल सपाट और सख्त सतह पर लिटाएं। अपने एक हाथ की हथेली को छाती के बीच में (दोनों निप्पल के बीच) रखें।दूसरा हाथ पहले हाथ के ऊपर रखें और उंगलियों को आपस में फंसा लें।अपनी कोहनियों को सीधा रखें और अपने कंधों को हाथों के ठीक ऊपर रखें।



छाती को लगभग 5 से 6 सेमी (2 इंच) गहराई तक जोर से और तेजी से दबाएं। गतिः 100-120 बार प्रति मिनट की दर से दबाएं (यह 'Staying Alive' गाने की ताल के समान है)। बचाव सांसें दें (यदि प्रशिक्षित हैं):30 कंप्रेशन के बाद, 2 सांसें दें। सिर को पीछे झुकाएं, ठुड्डी को उठाएं और नाक को बंद कर दें। पीड़ित के मुंह पर अपना मुंह रखकर 1 सेकंड के लिए फूंक मारें ताकि छाती ऊपर उठे। चक्र जारी रखेंः 30 कंप्रेशन और 2 सांसों का चक्र तब तक जारी रखें जब तक कि एम्बुलेंस न आ जाए, व्यक्ति सांस लेने न लगे, या आप थक न जाएं। महत्वपूर्ण बातेंः हैंड्स-ओनली ष्टक्कक्र यदि आप सांस देने में सहज नहीं हैं, तो केवल तेजी से और जोर से चेस्ट कंप्रेशन करते रहें। बच्चों के लिएः छोटे बच्चों के लिए एक हाथ और शिशुओं के लिए दो उंगलियों का उपयोग करें।


### आम सूचना/नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिवनारायण पुत्र श्री मांगीलाल आयु 63 वर्ष निवासी-म. नं-107, शिव नगर कालोनी, करोंद, भोपाल म.प्र. का निवासी हूं

1. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम शिवनारायण हैं, जो कि सही है, एवं मेरे नाम आधार कार्ड में त्रुटीवश नाम शिवप्रसाद दर्ज हो गया हैं जो की गलत है। 2. यह कि अब मेरा सही नाम शिवनारायण से जाना व पहचाना जावें एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम यही है, जो कि सत्य व सही है।

**पुराना नाम-शिवप्रसाद पुत्र श्री मांगीलाल**

**सही नाम-शिवनारायण पुत्र श्री मांगीलाल**